**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## नया पीएम–नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से कहा है कि वे वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें और एक राज्य एक वैश्विक गंतव्य के तहत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करें। आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत तेजी से शहरीकृत हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित अन्य लोग बैठक में भाग ले रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य व सीईओ भी मौजूद हैं।

..............................................

## तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं जारी हैं। यात्राओं के दौरान सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जनजातीय जिला किन्नौर के जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। सोलन में सेना के शौर्य के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कुमुद ठाकुर ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पाकिस्तान के साथ भारतीय सेना ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सेना के इसी जज्बे और समर्पण को सलाम करने के लिए आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने सेना और देश के समर्थन में नारे लगाए। लाहौल स्पीति के उपमंडल उदयपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने किया। कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी में आयोजित तिरंगा यात्रा का नेतृत्व सांसद इंदु गोस्वामी ने किया। तिरंगा यात्रा में पूर्व मंत्री रविंद्र रवि और विधायक पवन काजल विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि नया भारत अब चुप नहीं बैठेगा।

***ये भारत नया भारत है और हमारे देश की सेनाएं जाबांज सेनाएं जिनके शौर्य की गाथाएं आज देश ही नहीं पूरा विश्व जान चुका है। हमारी जाबांज सेनाओं ने अपने शौर्य का ऐसा प्रदर्शन पाकिस्तान को नहीं बल्कि को पूरे विश्व को दिया। उन्होंने न केवल आतंकवादी***

*ठिकानों को नेस्तानाबूद किया। आज पूरे विश्व को ये संदेश दिया है कि भारत की तरफ कोई आंख उठाने की कोशिश न करें।*

.............................................

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज राज्य के 6 जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी, सोलन, शिमला और सिरमौर में अलग–अगल स्थानों पर ओलावृष्टि और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी–तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने इस दौरान राज्य के अन्य जिलों में भी अंधड़ चलने ओलावृष्टि और आंधी तूफान का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी 28 मई तक मौसम के खराब बने रहने और अलग–अलग स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि होने व आंधी चलने की संभावना है। इस बीच जनजातीय जिला किन्नौर में इन दिनों जोरदार गर्मी पड़ रही है जिसके चलते पहाड़ों पर बर्फ और ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। इससे सतलुज नदी के जलस्तर में भी भारी बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। किन्नौर के उपायुक्त डॉक्टर अमित कुमार शर्मा ने लोगों को नदी नालों के आसपास न जाने की हिदायत दी है।

बाइट... डीसी किन्नौर डॉक्टर अमित कुमार शर्मा।

*पीक समर मंथस है सतलुज नदी का जल स्तर काफी हद तक बढ़ जाता है क्योंकि पहाड़ों में जो ग्लेशियर है जो स्नो फॉल है वो पिघलते हैं और उसी के माध्यम से पूरे प्रदेश में पानी की सप्लाई होती है और जो टाइमिंग की वार्निंग वैन होती है उनका जो वार्निंग का मैसेज है वो वट्सऐप के माध्यम से डिफरेंट पंचायती राज इंस्टीटयूशन मीडिया जो भी हमारे जिला प्रशासन के ग्रुप हैं उसमें सर्कुलेट किया जाता है तो इसमें मेरा सभी लोगों से आग्रह है कि खासकर हमारे जो टूरिस्ट गण विजिट कर रहे हैं कि कांइडली नदी नालों में न जाए कभी भी वाटर लेबल में सडन चेंजिज आ सकते हैं काइंडली अपनी सेफटी का का ध्यान रखें।*

.............................................